FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : 3 **विषय :** गणित

Paper Code : 3031 **पूर्णांक :** 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड अ

(अंक 05)

LO-M-301-तीन अकों की संख्या के साथ कार्य करते हैं।

गतिविधि – 01 (सम व विषम संख्या)

1. बच्चों/समूह को 11 से 20 तक की संख्याओं के बराबर कंकड़, पत्थर, लकड़ी के टुकड़े में से कोई भी वस्तुएँ दें।
2. दी गई वस्तुओं को गिनने कहें।
3. सभी बच्चों/समूहों को दी गई वस्तुओं से 2–2 की जोड़ी बनाकर रखने कहें।
4. 2–2 की जोड़ी बनाने के बाद प्रत्येक बच्चे/समूह को दिए गए सारिणी पूरा करने कहें।
5. गिनी हुई वस्तुओं की संख्या के इकाई अंक के अनुसार सम/विषम संख्या की पहचान करें।

क्र.	बच्चे / समूह का नाम	वस्तुओं की संख्या	वस्तुओं की 2–2 की जोड़ी बनी हाँ / नहीं	इकाई का अंक	सम संख्या / विषम संख्या
1 2 3					

गतिविधि – 02 (पहाड़ा–कूद)

1. सर्वप्रथम – शिक्षक फर्श या जमीन पर किसी संख्या का दिए गए चित्रानुसार पहाड़ा लिखें या बनाए हुए संख्या कार्ड को जमीन पर डिब्बे बनाकर उसके अंदर रख दें।
2. बच्चों को बारी–बारी से पहाड़ा बोलकर सही संख्या में कूदने कहे।
3. अलग–अलग बच्चों के लिए संख्याओं के क्रम को बदल सकते हैं।

18	20
16	12
14	10
4	8
2	6

20	16
18	14
10	12
4	8
6	2

गतिविधि – 03 (बाँटकर देखा)

1. खुले और बंडल के रूप में या दस–दस के नोट और एक–एक के नोट / वस्तुएँ जैसे स्ट्रा (पाइप), बीज, कंकड़, तीलियाँ आदि उपलब्ध करायें।
2. बच्चों / समूहों को वस्तुएं कुछ खुले और बंडल के रूप में निकालकर संख्या बताने कहें।
3. निकाली गई वस्तुओं में से जितने लोगों को बांटना चाह रहे हैं उतनी–उतनी संख्या में निकालकर बाँटने को कहें।
4. शिक्षक द्वारा पूछा जाए कि निकाली गई वस्तुओं में से एक बार कितने निकाले, दो बार में कितने निकाले।

जैसे – जैसे 12 वस्तुओं हैं उसे 3 लोगों को बराबर बांटना है तो एक बार में 3 वस्तुएँ निकाले और 3 लोगों को दें।

5. शिक्षक अवलोकन करें कि निकाली गई वस्तुए पूरी–पूरी बराबर नहीं बंटने पर शेष बची हुई वस्तुओं को शेषफल के रूप में बता पा रहें हैं कि नहीं।

खण्ड ब

(अंक 05)

LO-M-302-छोटी राशियों को समूह अथवा बिना समूह के जोड़ते तथा घटाते हैं।

गतिविधि – 01 (LO-302, बाजार का खेल)

1. कुछ बच्चे/समूह सामानों के विक्रेता और कुछ बच्चे/समूह क्रेता बनें। क्रेता को समान खरीदने कहें।
2. क्रेता तथा विक्रेता को नकली नोट उपलब्ध करायें।
3. प्रत्येक क्रेता कम से कम दो वस्तुओं की खरीददारी करें।
4. खरीदी गई सामानों पर उसका मूल्य लिखें अथवा मूल्य सूची बनायें।

गतिविधि – 02 (गिनतारा का खेल)

1. कक्षा को आवश्यकतानुसार समूह में विभाजित करें।
2. प्रत्येक समूह को गिनतारा और तीन अलग–अलग रंगों की 10–10 मोतियाँ उपलब्ध करायें।
3. समूहों को सैकड़े तक की संख्या (संख्या कार्ड देकर या ब्लैक बोर्ड पर लिखकर) देवें।
4. संख्या कार्ड/बोर्ड पर लिखी संख्याओं को गिनतारा में प्रदर्शित कर इकाई, दहाई, सैकड़े के रूप में बताने को कहें।

गतिविधि – 03   (चीजें उठाओ– संख्या बताओ।)

1. बच्चों/समूह को 10–10 के कुछ बंडल और खुले रूप में कुछ चीजें जैसे – तीलियाँ, लकड़ी के सींके, बीज, स्ट्रा (पाइप) या 10–10 के नोट और 1–1 के नोट उपलब्ध करायें।
2. प्रत्येक बच्चे/समूह को दो चरणों में चीजें उठाने कहें। जैसे– 2 बंडल 3 खुले और 3 बंडल और 8 खुले।
3. निकाली गई वस्तुओं/नोटों को गिनकर संख्या के रूप में अलग–अलग बताने कहें।
4. खुले में खुले और बंडल में बंडल मिलाकर संख्या बताने कहें।
5. शिक्षक यह भी अवलोकन करें, कि खुले में 10 या उससे अधिक वस्तुए/नोट होने पर नया बंडल बना पा रहे है कि नहीं।